# दिनांकः 18.05.2023 को संपन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम के प्रगति सम्बन्धित समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 18.05.2023 को जनपद जौनपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. ए0डी0एम0 (प्रशासन), जौनपुर।
2. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।
3. डी0सी0 मनरेगा, जौनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
5. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
7. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि
8. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1 अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से अनुबन्धित फर्मो मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), एंव मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि लैण्ड डिस्प्यूट सम्बन्धित विवरण तहसीलवार तैयार कर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित कर डिस्प्यूट का निराकरण प्राथमिकता पर करायें।

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में कार्यों की स्वीकृति हो गयी है, उनमें यदि लैण्ड फिलिंग की आवश्यकता हो, तो ऐसे योजनाओं को सूचीबद्ध कर डी0सी0 मनरेगा, जौनपुर को अवगत करायें।

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की मानिटेरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कन्ट्रोल रूम में प्रगति का रजिस्टर तैयार कर जिसमें मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधियों का हस्ताक्षर कराने तथा प्रगति का क्रास वेरिफिकेशन जूनियर इंजीनियर से भी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. ए0डी0एम0 (प्रशासन), जौनपुर द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रगति सम्बन्धित रिपोर्ट के लैण्ड डिस्प्यूट/लैण्ड फिलिंग स्टैट्स में नॉन डिस्प्यूटेट लैण्ड सम्बन्धित कॉलम बढ़ाकर अग्रिम बैठकों में प्रस्तुत करें।

5. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रगति सम्बन्धित रिपोर्ट में सोलर पैनल/इलेक्ट्रिक स्थापना के लक्ष्य तथा वर्तमान प्रगति सम्बन्धित कॉलम बढ़ाकर अग्रिम बैठकों में प्रस्तुत करें।

6. अधोहस्ताक्षरी को मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी मास के अन्त तक दो निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं 1. तिलौरा पेयजल योजना, 2. चौकी खुर्द पेयजल योजना, के निर्माण सम्बन्धित कार्यों को पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

Cont-2

Scanned with CamScanner

7. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2024 तक "हर घर जल" उपलब्ध कराने हेतु बार चार्ट तैयार करें तथा उक्त चार्ट के अनुसार कार्य कर वर्ष 2024 तक निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें।

ह0/-
(अनुज कुमार झा)
जिलाधिकारी
जौनपुर

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
### उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांक: 397 / जल जीवन मिशन/ 85 दिनांक: 24-05-2023

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. ए0डी0एम0 (प्रशासन), जौनपुर।
2. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।
3. डी0सी0 मनरेगा, जौनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
5. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
6. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
7. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
8. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर।

24/5/23

ह0/- जिलाधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner